संचिका संख्याः–4प / ग्रा०क०स्था–80–06 / 2024 / 9098 / पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

ई–मेल / स्पीड पोस्ट

प्रेषक,

**गोपाल शरण,**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

**सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक 21 / 7 / 2025

**विषयः–** **ग्राम कचहरी न्यायमित्र के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्र सत्यापन के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय पत्रांक 6517 दिनांक 23.05.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में कहना है कि आपको विदित है कि विभागीय विज्ञापन नोटिस संख्या 1420 के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों का सत्यापन दिनांक 05.06.2025, 19.06.2025 एवं 24.06.2025 को किया गया था। जिला से प्राप्त सूचना के अनुसार अभी भी न्यायमित्र के कई पदों पर कॉउंसलिग पूर्ण नहीं हो सकी है, अतएव उन पदों पर नियोजन की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण की जानी है। इस हेतु पूर्व के कॉउंसलिग में जो अभ्यर्थी किसी कारण से कॉउंसलिग में भाग नहीं ले सके अथवा जिनकी कॉउंसलिग पूर्ण नहीं हो सकी एवं उक्त पद पर नियोजन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी, ***वैसे अभ्यर्थियों को दिनांक 30.07.2025 को कॉउंसलिग हेतु बुलाकर नियोजन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाय।***

2. जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कॉउंसलिग में योग्य अभ्यर्थियों को नियोजन एवं सहमति पत्र अनिवार्य रूप से दिनांक 30.07.2025 को ही संबंधित ग्राम कचहरी सरपंच के हाथों वितरित करा दी जाए। उक्त नियोजन की सम्पूर्ण जवाबदेही जिला पंचायत राज पदाधिकारी की होगी।

*इसे अत्यावश्यक समझा जाए।*

विश्वासभाजन
18/7/25

**(गोपाल शरण)**
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांकः–4प / ग्रा०क०स्था–80–06 / 2024 / 9098 / पं०रा० पटना, दिनांक 21 / 7 / 2025

प्रतिलिपिः– सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7/25

**(गोपाल शरण)**
विशेष कार्य पदाधिकारी

D:\Nawal 2025\Chandan Aso\Gram Kachahri\Letter.docx

ज्ञापांकः–4प / ग्रा०क०स्था–80–06 / 2024 / 9098 / पं०रा० पटना, दिनांक 21 / 7 / 2025
प्रतिलिपिः– निदेशक, Codebucket Solution Private Limited. 1st Floor, Shah Arcad. Digha. Panta. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7/25

(गोपाल शरण)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांकः–4प / ग्रा०क०स्था–80–06 / 2024 / 9098 / पं०रा० पटना, दिनांक 21 / 7 / 2025
प्रतिलिपिः– आई०टी० प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7/25

(गोपाल शरण)
विशेष कार्य पदाधिकारी